**भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, इन्फीबीम एवेन्यूज़ लिमिटेड और फ्रोनेटिक एआई ने एआई एक्सेलरेटर प्रोग्राम के लॉन्च के लिए की साझेदारी**

अहमदाबाद, 4 फरवरी, 2025: भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद; इन्फीबीम एवेन्यूज़ लिमिटेड और फ्रोनेटिक एआई ने ईडीआईआई-इन्फीबीम एआई एक्सेलरेटर प्रोग्राम के लॉन्च के लिए साझेदारी की है। यह विशेष प्रोग्राम एआई और एमएल के फायदों के साथ स्टार्टअप्स एवं एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

यह आधुनिक तीन महिने के प्रोग्राम की शुरूआत 10 मार्च 2025 को होगी, इसके तहत प्रतिभागियों को एआई/एमएल का उपयोग कर अपने संचालन को अनुकूलित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। जिससे उन्हें मार्केट को समझने, कारोबार की समस्याओं को हल करने, प्रक्रियाओं/ प्रोडक्ट्स/ सर्विसेज़ में सुधार लाने तथा डेटा/ मार्केट के अनुसार फैसले लेने में मदद मिलेगी। स्टार्टअप, एमएसएमई, चीफ़ टेक्नोलॉजी ऑफिसर्स एवं उभरते उद्यमी को अब यह सीखने का अवसर मिलेगा कि व्यावसायिक उत्कृष्टता और विकास के लिए एआई और एमएल का लाभ कैसे उठाया जाए।

इस प्रोग्राम में व्यवहारिक लर्निंग, केस पर आधारित विश्लेषण और एआई/ एमएल टूल्स के ज़रिए व्यवहारिक प्रशिक्षण शामिल है, जिससे प्रतिभागियों को व्यवहारिक रूझान समझने का अवसर मिलेगा।

प्रोग्राम के बारे में बात करते हुए डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्ट जनरल, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ने कहा, ''एआई और एमएल, स्टार्टअप्स एवं अन्य कारोबारों को ढेरों अवसर प्रदान कर सकते हैं। इस प्रोग्राम के माध्यम से हम आधुनिक तकनीकों के द्वारा कारोबारों में इनोवेशन और विकास को बढ़ावा देना चाहते हैं।'

तीन हफ़्ते में फैले पाँच दिवस के तीन गहन मॉड्यूल उद्यमियों, प्रौद्योगिकी कार्यान्वित करने वालों और इच्छुक पेशेवरों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग की मूल बातें और आधुनिक अनुप्रयोगों की व्यापक समझ प्रदान करेंगा।'फ्रोनेटिक एआई के सीईओ राजेश कुमार एसए ने कहा।

ईडीआईआई के सीनियर प्रोफेसर, डॉ. पीयूष सिन्हा, जो इस प्रोग्राम का अवलोकन कर रहे हैं, उन्होने कहा, ''इस प्रोग्राम का उद्देश्य स्टार्टअप्स एवं मध्यम कारोबारों में एआई के उपयोग को बढ़ावा देना है। प्रतिभागियों को फ्रोनेटिक एआई/एमएल/ कम्प्यूटर विज़न पर आधारित प्रोडक्ट्स एवं समाधान डिज़ाइन, विकसित करने का मौका मिलेगा।'

यह प्रोग्राम ऐप्लीकेशन्स पर आधारित है। प्रोग्राम फैकल्टी में विशेषज्ञ, और पेशेवर जैसे श्री प्रशांत उल्लेगड्डी, एमएल साइंटिस्ट, फ्रोनेटिक एआई, उद्यमिता के विशेषज्ञ तथा ईडीआईआई के सीनियर फैकल्टी शामिल हैं।

यह प्रोग्राम एआई टेक्नोलॉजी के द्वारा ऐसे उद्यमों के विकास को बढ़ावा देगा जो आधुनिक समाधानों को अपनाकर अपनी क्षमता, उत्पादकता और निर्णय निर्धारण प्रक्रियाओं में सुधार ला सकें।